भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
सामान्य प्रशासन अनुभाग
महानगर दूरसंचार भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जाकिर हुसैन महाविद्यालय के निकट
नई दिल्ली – 110002

............................

फा. सं. 16–2/2019 – जीए                                        दिनांकः 30 अगस्त, 2019

<u>सीमित निविदा जांच (एलटीई)</u>

सेवा में

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स आकांक्षा इंप्रेशंस, 18/36, गली सं. 5, रेलवे लाइन की ओर, आनंद पर्वत औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली. | 6. | मैसर्स चंदु प्रेस, डी – 97, शकरपुर, दिल्ली – 110092 |
| 2. | मैसर्स हरिओम ट्रेडर्स, बी – 4/60, यमुना विहार, दिल्ली – 110053 | 7. | मैसर्स यू. एस. ग्राफिक्स, डब्लूपी – 315, वजीरपुर गांव, अशोक विहार, दिल्ली – 110052 |
| 3. | श्री गणेश एसोसिएट्स, सी – 83/11, अर्जुन गली सं. 7, मोहनपुरी, मौजपुर, दिल्ली – 110053 | 8. | मैसर्स ग्राफिक्स वर्ल्ड, 1818, उदयचंद मार्ग, कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली. |
| 4. | अरिहंद ऑफसेट, प्लॉट सं. 212एफ एवं 229, नांगली सकरावती, औद्योगिक क्षेत्र, नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली – 110043. | 9. | अग्रवाल एजेंसीज, 5776, न्यू चंद्रावल कमला नगर, दिल्ली – 110007 |
| 5. | मैसर्स स्क्रीन 'ओ' ग्राफिक्स, डब्लूजेड – 485/9ए, बसई दारापुर, नई दिल्ली – 110015 | 10. | मैसर्स ग्लोबल इंफोटेक, 219 – ए, शाहपुर जट, भूमि तल, हौज खास के निकट, नई दिल्ली – 110049 |

विषय :भादूविप्रा के नई दिल्ली स्थित कार्यालय में विजिटिंग कार्ड, लैटर पेड, वाउचर, स्लिप पेड और रजिस्टर आदि के मुद्रण और आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदा आमंत्रित करने हेतु सूचना।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) की ओर से अधोहस्ताक्षरी को निम्न निबंधन व शर्तों के आधार पर अनुबंध–1 में दी गयी विशिष्टियों तथा अनुबंध – 2 में दी गयी दर अनुसूची के अनुसार अपेक्षित वस्तुओं को मुद्रित और आपूर्ति करने के लिए सीलबंद निविदा आमंत्रित करने का निदेश हुआ हैः–

<u>एलटीई की निबंधन व शर्तें</u>

1. इस निविदा में भागीदारी केवल आमंत्रण द्वारा होगा और यह केवल चुने हुए मुद्रकों के लिए सीमित है। अवांछित ऑफरों का संज्ञान नहीं लिया जाएगा। तथापि, जो मुद्रक भविष्य में ऐसी निविदाओं में हिस्सा लेने के इच्छुक हैं, अगले एलटीई, यदि कोई हो, में भागीदारी के लिए अधोहस्ताक्षरी/ भादुविप्रा के संज्ञान में लाएं।

2. एलटीई भादूविप्रा द्वारा दिए गए प्रपत्र में होने चाहिए और उनमें किसी प्रकार का सुधार /विलोपन नहीं होना चाहिए। यदि कोई सुधार अपरिहार्य हो तो उसका उचित रूप में अभिप्रमाणन होना चाहिए। यदि नही ंतो, निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। पेंसिल से लिखी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. बोलीकर्ता के लिए यह अपेक्षित है कि वे इस एलटीई के अनुबंध – 1 में वर्णित विशिष्टियों और शर्तों के अनुसार भादूविप्रा कार्यालय को इस अनुसूची में दी गई वस्तुओं का मुद्रण और आपूर्ति करें। इच्छुक बोलीकर्ता को सलाह दी जाती है कि वे इस निविदा में बोली के उत्कथन से पूर्व नमूना देखने के लिए इस कार्यालय का दौरा करें।

4. बोलीकर्ता के लिए यह आवश्यक है कि वे अनुबंध – 2 में दिए गए अनुसार दरों की अनुसूची के अनुसार अपने दरों का उत्कथन करें। फर्म द्वारा उत्कथित दर द्वारा गुणित एसओआर में भादूविप्रा द्वारा सूचित प्रमात्रा के आधार पर संपूर्ण लागत के आधार पर एल–1 का निर्णय किया जाएगा। सभी करों सहित दरों को उत्कथित किया जाए।

5. भादूविप्रा के पास किन्हीं वस्तुओं द्वारा आफर को स्वीकार करने तथा तत्संबंधी कारण बताए बिना एक या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार होता है और वह सबसे कम निविदा भाव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है।

6. यदि भादूविप्रा अपने हित में इस संविदा को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आवश्यक समझे तो उसके पास किसी भी चरण में निविदा संबंधी किसी भी शर्त में छूट देने अथवा संशोधन करने का भी अधिकार है।

7. निविदा संबंधी दस्तावेज का पूर्ण सेट भादूविप्रा की वेबसाइट यथा *http://www.trai.gov.in/content/Tender.aspx* और साथ ही सीपीपी पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। यदि बोलीकर्ताओं को बोली दस्तावेज के निबंधन व शर्तों के बारे में कोई स्पष्टीकरण चाहता है तो वह निविदा सौंपने की अंतिम तिथि से पूर्व व्यक्तिगत रूप अधोहस्ताक्षरी से अथवा दूरभाष से स्पष्टीकरण ले सकता है।

8. कृपया यह उद्धृत करें कि क्या आपका फर्म एक बड़ा औद्योगिक फर्म है। यदि आपके पास एनएसआईसी/ एमएसई/एमएसआई / डीजीएसएंडडी प्रमाणपत्र है और आप ईएमडी राशि जमा करने से छूट चाहते हैं तो कृपया अपने उत्कथन में इसे संलग्न करें। अपने मुद्रण पंजीकरण ब्यौरे का उल्लेख करें।

9. शुरूआती चरण में यह संविदा धरोहर राशि जमा करने की तिथि से दो वर्षों की अवधि के लिए होगा। भादूविप्रा के पास परस्पर स्वीकार्य निबंधन व शर्तों के अधार पर इसे एक या अधिक वर्षों के लिए विस्तार दिए जाने का विवेकाधिकार होगा। तथापि, भादूविप्रा और सफल बोलीकर्ता के बीच औपचारिक समझौता अलग से किया जाता है।

10. तथापि, फर्म के लिए यह अनिवार्य होगा कि वह संविदा की अवधि के बाद भी कम से कम तीन महीने अथवा नई संविदा को अंतिम रूप दिए जाने तक, जो भी पहले हो, उक्त समझौते की अंतिम तिथि को प्रचलित दरों पर कार्य करना जारी रखे।

11. जीएसटी पंजीकरण संख्या का साक्ष्य संलग्न किया जाए। यदि निविदाकर्ता जीएसटी के अंतर्गत नहीं आता है तो वह स्व प्रमाण दे।

12. भादूविप्रा किसी भी स्वतंत्र स्रोत से उक्त बोलीकर्ता द्वारा आपूर्ति की गयी मुद्रित सामग्रिया, के नमूना कागजात की जांच/परीक्षण करने के लिए मुक्त होगा, जिसके लिए सभी अपेक्षित सहयोग/प्रलेखण उसी बोलीकर्ता द्वारा दिया जाएगा।

13. उत्कथित मूल्य आपूर्ति पूरी होने तक नियत होनी चाहिए। कृपया दरों को शब्दों और अंकों में उद्धृत करें। उत्कथित दर सभी प्रभारों सहित गंतव्य पर निशुल्क आपूर्ति हेतु होनी चाहिए अन्यथा एलटीई के निरस्त होने की संभावना होती है। यदि उत्कथन में एफओआर के संबंध में कोई संकेत नहीं है तो इसे एफओआर गंतव्य माना जाएगा।

14. यदि भादूविप्रा कार्यालय वर्तमान स्थल से एनसीआर के किसी और स्थान पर चला जाए तो वेंडर नए स्थान पर आपूर्ति करेगा। फर्म आवश्यकता होने पर अल्प सूचना पर सामान्य आपूर्ति क्रम में ऑर्डर जारी होने की तिथि से पांच दिनों के भीतर अपेक्षित सामग्रियों की आपूर्ति करता है।

15. बोलीकर्ता द्वारा बोली दस्तावेज के साथ आवेदन में नई दिल्ली में देय भादूविप्रा के पक्ष में बयाना राशि (ईएमडी) के लिए 6000/– रूपए (छह हजार रूपए) का मांगपत्र/ पेआर्डर भी संलग्न करे जिसे निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी कर

दिया जाएगा। यदि किसी बोलीकर्ता को एल–1 घोषित किया जाता है और निर्धारित समय सीमा में धरोहर राशि को जमा करने में असफल हो जाता है तो ईएमडी जब्त कर ली जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज प्रयोज्य/देय नहीं होगा।

16. सफल निविदाकर्ता जिसकी दर को अंततः स्वीकार कर लिया जाता है, उसे कार्य आदेश से 15 दिनों के भीतर धरोहर राशि/ निष्पादन गारंटी के रूप में 24 महीने के लिए संविदा मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करना होगा। पीबीजी संविदा पूरी होने की तिथि के बाद 60 दिनों की अवधि के लिए मान्य होगा।

17. सफल बोलीकर्ता के साथ औपचारिक समझौता धरोहर राशि जमा करने / कार्यनिष्पादन गारंटी के बाद बाद ही किया जाएगा। यदि निविदाकर्ता उक्त निर्धारित समझौते के पालन में असफल होता है तो ईएमडी की राशि जब्त कर ली जाएगी।

18. धरोहर राशि/ पीबीजी पर कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा धरोहर राशि /पीबीजी को संविदा अवधि के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद वापस /जारी कर दिया जाएगा।

19. भादूविप्रा के पास देरी से की गयी आपूर्ति के कारण हुई किसी भी हानि की शास्ति लगाकर वसूली करने का अधिकार है। निर्धारित अवधि में सामग्रियों की आपूर्ति में असफल रहने पर यदि आपूर्ति अवधि समाप्त होने के पूर्व वैध आधार पर कार्यालय से लिखित रूप में समय विस्तार नहीं लिया गया हो तो भादूविप्रा प्रतिदिन की शास्ति के रूप में आर्डर में शामिल सामग्री के कुल मूल्य के आधे प्रतिशत की दर से जुर्माना लगाने का हक होगा जो शास्ति अधिकतम पांच प्रतिशत के अध्यधीन होगा।

20. यदि आपूर्ति को बनाए नहीं रखा जाता है और उस कारण भादूविप्रा को कहीं और से जोखिम और लागत पर कार्य कराने के लिए बाध्य होना पड़ता है तो इससे होने वाली हानि या क्षति को चूककर्ता बोलीकर्ता की धरोहर राशि से वसूल किया जाएगा। खराब गुणवत्ता वाले कार्य के कारण धरोहर राशि जब्त हो जाएगी।

21. किसी भी मामले में कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। बिलों का भुगतान भादूविप्रा द्वारा सही पाए जाने पर अनुमोदित मूल्य पर सामग्रियों की प्राप्ति के पश्चात किया जाएगा। यदि संविदा के तहत किसी दायित्व को पूरा न करने की शिकायत मिलती है, तो भादूविप्रा के पास मासिक बिलों से फर्म को देय भुगतान से काटने का अधिकार होगा। भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया जाएगा। समय –समय पर प्रयोज्य कानून के अनुसार टीडीएस और अन्य सभी करों की कटौती की जाएगी।

22. किसी भी मंत्रालय/विभाग द्वारा किसी भी समय काली सूची में डाले गए फर्म को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। यदि तथ्य छुपाए जाते हैं और यह संविदा के दौरान भादूविप्रा के संज्ञान में आता है तो संविदा सीधे सीधे खत्म कर दिया जाएगा और धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। यदि उक्त तथ्य संविदा देने के पूर्व संज्ञान में आता है तो उसकी बोली सीधे सीधे रद्द हो जाएगी और निविदा एल2 बोलीकर्ता को दे दी जाएगी। इस बारे में एक घोषणा की जाएगी कि निविदाकर्ता को केंद्र सरकार/ राज्य सरकार के सरकारी क्षेत्र की इकाई द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है अथवा उसकी संविदा को अनुबंध तीन के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान खराब कार्यनिष्पादन के कारण समाप्त नहीं किया गया है।

23. बोलीकर्ता को एलटीई के खोलने की तिथि से 90 (नब्बे) दिनों की अवधि के लिए आफर को खुला रखना होगा।

24. बोलीकर्ता अपनी बोली के साथ इस एलटीई की विधिवत् हस्ताक्षरित प्रति भी संलग्न करना होगा।

25. यदि भादूविप्रा और उक्त फर्म के बीच किसी भी मामले में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो उक्त मामले को सलाहकार (क) को संदर्भित किया जाएगा, भादूविप्रा जो स्वयं एकल माध्यस्थ के रूप में कार्य कर सकता है अथवा भादूविप्रा के किसी अधिकारी को इस तथ्य के बावजूद भी एकल माध्यस्थ के रूप में नामित कर सकता है कि उक्त अधिकारी

प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उस संविदा से संबद्ध है। फर्म को भादूविप्रा के उक्त अधिकारी को माध्यस्थ के रूप में नियुक्त किए जाने पर कोई आपत्ति खडी करने का अधिकार नही होगा। माध्यस्थ का निर्णय अंतिम तथा माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 के उपबंधों एवं इसके तहत बनाए गए नियमों के अध्यधीन इस समझौते के दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी होगा। पक्ष स्पष्ट रूप से इससे सहमत होंगे कि माध्यस्थ कार्यवाही नई दिल्ली में होगी। माध्यस्थ की भाषा केवल अंग्रेजी होगी।

(मनीष नेगी)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (जीए)
दूरभाष नं. 011–23664–141 / 142

संलग्नकः यथोपरि

नोटः वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (जीए), भादूविप्रा, महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, (पुराना मिंटो रोड), नई दिल्ली – 110002 को संबोधित सीलबंद उत्कथन जिस पर स्पष्ट रूप से भादूविप्रा कार्यालय, नई दिल्ली में विजिटिंग कार्ड, लेटर पेड, वाउचर, स्लिप पेड और रजिस्टर आदि के मुद्रण और आपूर्ति हेतु लिखा हो, दिनांक 16 / 09 / 2019 को 3.00 बजे अपराह्न तक व्यक्तिगत रूप से पहुंच जाए। एलटीई को बोलीकर्ता, जो वहां उपस्थित होने को इच्छुक हों, के समक्ष भादूविप्रा, महानगर दूरसंचार भवन में उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न को निविदा मूल्यांकन समिति (टीईसी) द्वारा खोला जाएगा। इस संबंध में किसी भी प्रश्न को दिनांक 13 / 09 / 2019 को या उसके पूर्व 12.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यावधि के दौरान भादूविप्रा के कार्यालय से पूछा जा सकता है।

अनुबंध– I

<u>आवश्यक वस्तुओं का तकनीकी विवरण और अनुसूची</u>

| क्र. सं. | कार्य का मद | अनुमनित मात्रा **(**वार्षिक) |
|---|---|---|
| 1 | विजिटिंग कार्ड विदाउट मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट<br>(प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) |
| 2 | विजिटिंग कार्ड विद एम्बोस्ड मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट<br>(प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) |
| 3 | विजिटिंग कार्ड विद डबल साईड प्रिंटिंग विदाउट मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट<br>(प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) |
| 4 | विजिटिंग कार्ड विद डबल साईड प्रिंटिंग विद एम्बोस्ड मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट<br>(प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) |
| 5 | सनशाईन पेपर 90 जीएसएम पर ए5 आकार के लैटर हैड | 50–पैड<br>(प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) |
| 6 | सनशाईन पेपर 90 जीएसएम पर ए4 आकार के लैटर हैड | 50– पैड<br>(प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) |
| 7 | डीओ इम्पोर्टिड पेपर 90 जीएसएम पर ए5 आकार के लैटर हैड | 50– पैड<br>(प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) |
| 8 | डीओ इम्पोर्टिड पेपर 90 जीएसएम पर ए4 आकार के लैटर हैड | 50– पैड<br>(प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) |
| 9 | 70 जीएसएम पेपर पर बैंक/कैश/जर्नल वाउचर पैड ( भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 150– पैड<br>(प्रत्येक पैकेट में 50 शीट) |
| 10 | तीन/दो रंगों में क्रम संख्या के साथ ट्रिप्लिकेट/डुप्लिकेट में (22X13 1/2 से.मी. आकार में) भादूविप्रा रिसिप्ट/अक्नोलेजमेंट बुक (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50– पैड<br>(प्रत्येक पैकेट में 50 शीट) |
| 11 | ओएचडी/स्लिप पैड (22X13 1/2 से.मी.) 80 जीएसएम (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50– पैड<br>(प्रत्येक पैकेट में 20 शीट) |
| 12 | फाईल इंडेक्स रजिस्टर (22X21 से.मी.) 80 जीएसएम सनशाईन पेपर (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50– रजिस्टर<br>(प्रत्येक रजिस्टर में 200 शीट) |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | आर्ट –कार्ड 3–कलर (लाइट ग्रीन, पीला और नीला) (ए4 आकार) 350 जीएसएम (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 20–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 50 कार्ड) |

नोटः–

1. निविदा दस्तावेज के क्रम संख्या 1 से 13 में उल्लेख की गई प्रत्येक वस्तु का एक नमूना संलग्न किया जाना चाहिए।

अनुबंध –II

आवश्यक वस्तुओं का तकनीकी विवरण और अनुसूची

| क्र. सं. | कार्य का मद | अनुमनित मात्रा **(**वार्षिक) | यूनिट | प्रति यूनिट कर सहित मूल्य (रुपये) | कुल राशि( रुपये (3**X**5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | विजिटिंग कार्ड विदाउट मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) | प्रति पैकेट | | |
| 2 | विजिटिंग कार्ड विद एम्बोस्ड मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) | प्रति पैकेट | | |
| 3 | विजिटिंग कार्ड विद डबल साईड प्रिंटिंग विदाउट मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) | प्रति पैकेट | | |
| 4 | विजिटिंग कार्ड विद डबल साईड प्रिंटिंग विद एम्बोस्ड मोनोग्राम (300 जीएसएम केंट आइवरी) | 50–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 100 कार्ड) | प्रति पैकेट | | |
| 5 | सनशाईन पेपर 90 जीएसएम पर ए5 आकार के लैटर हैड | 50–पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) | प्रति पैड | | |
| 6 | सनशाईन पेपर 90 जीएसएम पर ए4 आकार के लैटर हैड | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) | प्रति पैड | | |
| 7 | डीओ इम्पोर्टिड पेपर 90 जीएसएम पर ए5 आकार के लैटर हैड | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) | प्रति पैड | | |
| 8 | डीओ इम्पोर्टिड पेपर 90 जीएसएम पर ए4 आकार के लैटर हैड | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 100 शीट) | प्रति पैड | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 70 जीएसएम पेपर पर बैंक/ कैश/ जर्नल वाउचर पैड ( भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 150– पैड (प्रत्येक पैकेट में 50 शीट) | प्रति पैड | | |
| 10 | तीन/दो रंगों में क्रम संख्या के साथ ट्रिप्लिकेट/डुप्लिकेट में (22X13 1/2 से.मी. आकार में) भादूविप्रा रिसिप्ट/अक्नोलेजमेंट बुक (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 50 शीट) | प्रति पैड | | |
| 11 | ओएचडी/स्लिप पैड (22X13 1/2 से.मी.) 80 जीएसएम (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50– पैड (प्रत्येक पैकेट में 20 शीट) | प्रति पैड | | |
| 12 | फाईल इंडेक्स रजिस्टर (22X21 से.मी.) 80 जीएसएम सनशाईन पेपर (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 50– रजिस्टर (प्रत्येक रजिस्टर में 200 शीट) | प्रति रजिस्टर | | |
| 13 | आर्ट –कार्ड 3–कलर (लाइट ग्रीन, पीला और नीला) (ए4 आकार) 350 जीएसएम (भादूविप्रा कार्यालय से जांच किए जाने वाले नमूने के अनुसार) | 20–पैकेट (प्रत्येक पैकेट में 50 कार्ड) | प्रति पैकेट | | |
| कुल धनराशि (रुपये) | | | | | |

शब्दों में कुल राशि (..........................................................................................................रुपये)

संलग्नः मद संख्या 1 से 13 के लिए नमूने।

मैं/हम भादूविप्रा के लिए मुद्रण और सामान की आपूर्ति करने और निम्नलिखित का पालन करने के लिए सहमत हूं :

1. दर्शाई गई निविदा अनुसूची और तकनीकी विवरण।
2. इस निविदा के लिए मद/निविदा विशिष्ट शर्तें ।
3. निविदा दस्तावेज में छपे नियम और शर्तें।
4. मैं/हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि इनपुट पर भुगतान किए जाने वाले जीएसटी आदि के लिए सेट ऑफ को मूल्य कोट करते हुए ध्यान में रखा गया है और सेट ऑफ के रूप में इस प्रकार के अतिरिक्त शुल्क जोकि जीएसटी इत्यादि के अंतर्गत भविष्य में उपलब्ध होंगे, का भुगतान करने पर सहमत हूँ।
5. यह प्रस्ताव निविदा खुलने की तारीख से 90 (नब्बे)दिनों के लिए मान्य है।

6. हमें किसी सरकारी उपक्रम द्वारा वर्जित नहीं किया गया है।

7. उद्धृत की यह दरें किसी भी सरकार/उपक्रम के लिए उस वस्तु के लिए उद्धृत दरों से अधिक नहीं है।

8. कि हमारे द्वारा भेजी गई इस बोली को उचित रूप से सील और तैयार किया गया है ताकि इसमें बाद में कोई परिवर्तन और प्रतिस्थापन न किया जा सके।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

फर्म/कंपनी की मुहर के साथ

हस्ताक्षरकर्ता का नाम ...........................

फर्म का नाम और पता ..........................

ईमेल पता ..........................

फोन (लैंडलाइन) ..........................

मोबाइल नं. ........................

<u>अनुबंध–3</u>

घोषणा–पत्र

1. मैं,............पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री.............. और ..............(एजेंसी का नाम/फर्म का नाम) के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, इस घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर करने और इस एलटीई दस्तावेज को निष्पादित करने में सक्षम हूँ।

2. मैंने एलटीई के सभी नियमों और शर्तों को ध्यान से पढ़ा और समझा है और उनका पालन करने का वचन देता हूँ।

3. मेरी/हमारी एजेंसी/फर्म को भारत सरकार के किसी मंत्रालय/विभाग तथा भारत सरकार के उपक्रम द्वारा न तो काली सूची में डाला गया है, न ही निविदा में भाग लेने से वर्जित/दंडित किया गया है और न ही पिछल 3 वर्षों के दौरान खराब प्रदर्शन के कारण इसके करारों को समाप्त किया गया है।

4. उपरोक्त आवेदन के साथ प्रस्तुत सूचना/दस्तावेज सत्य हैं और मेरे जानकारी और विश्वास से प्रमाणित हैं। मैं जानता हूं कि किसी भी झूठी जानकारी/जाली दस्तावेज को प्रस्तुत करने पर उचित कानून के तहत अभियोजन के प्रति उत्तरदायित्व के अलावा किसी भी स्तर पर मेरे एलटीई को अस्वीकार किया जा सकता है।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर विधिवत

कार्यालय की रबर की मुहर लगाएं

नामः ......................................

पताः.........................................

चेक लिस्ट

बोली दस्तावेज के साथ संलग्न की जाने वाली मदें

| क्र.सं. | दस्तावेज |
|---|---|
| 1 | तकनीकी विवरण और दरों की अनुसूची (एसओआर) (अनुबंध –II) |
| 2 | बोलीदाता द्वारा घोषणापत्र (अनुबंध –III) |
| 3 | ईएमडी के रूप में 'भादूविप्रा' के फेवर में 3,000 रूपये (तीन हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर 'नई दिल्ली' में देय। |
| 4 | जीएसटी पंजीकरण संख्या के लिए पंजीकरण का प्रमाण या जीएसटी लागू न होने, यदि कोई हो तो, के संबंध में घोषणापत्र। |
| 5 | इस एलटीई की विधिवत रूप से हस्ताक्षरित प्रति |

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
महानगर दूरसंचार भवन,
जाकिर हुसैन कॉलेज के निकट
नई दिल्ली–110002

नंबर 16–2/2019– जीए दिनांकः 30 अगस्त, 2019

<u>बोली दस्तावेज़</u>

विषयः भादूविप्रा कार्यालय, नई दिल्ली में विजिटिंग कार्ड, लेटर पैड, वाउचर, स्लिप पैड और रजिस्टर आदि के मुद्रण के लिए सील दर पर कोटेशन आमंत्रित करने के लिए नोटिस।

| | |
|---|---|
| जारी करने वाला कार्यालय : | भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा),<br>महानगर दूरसंचार भवन,<br>जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (ओल्डमिंटो रोड),<br>नई दिल्ली–110002 |
| निविदा संख्या : | नंबर 16–2/2019– जीए |
| निविदा जारी करने की तिथि : | दिनांक 30 अगस्त, 2019 |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथिः | दिनांक 16 सितम्बर, 2019 समय 15:00 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथिः | दिनांक 16 सितम्बर, 2019, समय 15:30 बजे।<br>(यदि निविदा खोलने की तारीख भारत सरकार द्वारा छुट्टी घोषित की जाती है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर उसी समय पर खोली जाएगी) |
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध हैं: | निविदा दस्तावेजों का एक पूरा सेट भादूविप्रा की वेबसाइट यानी<br>http://www.trai.gov.in/content/tender.aspx से और भी सीपीपी पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| जमा धरोहर राशि : | मात्र 6,000 रुपये। |
| काम की कुल अनुमानित लागतः | दो साल की अवधि के लिए 3,00,000 लाख रुपये मात्र |
| सुरक्षा धरोहर राशि/ निष्पादन गारंटीः | 24 महीने के करार मूल्य का 10 प्रतिशत की राशि करार किए जाने पर। |

बोलीदाताओं को निविदा दस्तावेज को सावधानीपूर्वक पढ़ने और उसमें अंतर्विष्ट विभिन्न प्रावधानों को उनके निहितार्थों के साथ समझने का परामर्श दिया जाता है। ।

इच्छुक पात्र बोलीदाता बोली दस्तावेज की एक प्रति भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की वेबसाइट (www.trai.gov.in) और सीपीपी पोर्टल से प्राप्त कर सकते हैं। यदि संभावित बोलीदाताओं को निविदा के निबंधन और

शर्तों के बारे में कोई स्पष्टीकरण चाहिए हो तो बोलीदाता निविदा भेजने की अंतिम तिथि से पूर्व अधोहस्ताक्षरी से स्वयं या दूरभाष पर संपर्क कर सकते है।

(मनीष नेगी)
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (सामान्य प्रशासन)

दूरभाष नंबर : 011–23664–141 / 14

<u>**अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।**</u>